Under CSR Support by ipca Foundation
missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय – 9 | रसखान - सवैये

**QUIZ-01**

1. **सिद्धियाँ तथा निधियाँ कितनी–कितनी मानी गई हैं?**
   A. 3 और 10
   B. 8 और 7
   C. 6 और 9
   D. 8 और 9 (D)

*व्याख्या :* रसखान की कविता के अनुसार आठ सिद्धियाँ और नौ निधियाँ मानी जाती हैं, जो सांसारिक वैभव के प्रतीक हैं।

2. **'कालिंदी कूल कदंब की डारन' में कौन-सा अलंकार है?**
   A. अनुप्रास
   B. श्लेष
   C. यमक
   D. पुनरुक्ति (A)

*व्याख्या :* इस पंक्ति में 'क' वर्ण की पुनरावृत्ति के कारण अनुप्रास अलंकार है।

3. **कवि रसखान किनकी भक्ति में लीन रहते थे?**
   A. कृष्ण
   B. ब्रह्मा
   C. राम
   D. शिव (A)

*व्याख्या :* रसखान मुस्लिम होते हुए भी श्रीकृष्ण के प्रति अत्यंत भक्तिभाव रखते थे।

4. **'मुरलीधर' किसे कहा गया है?**
   A. श्रीकृष्ण को
   B. श्रीराम को
   C. श्रीविष्णु को
   D. मीराबाई को (A)

*व्याख्या :* मुरलीधर शब्द का अर्थ है बाँसुरीधारी, जो श्रीकृष्ण का प्रिय नाम है।

5. **रसखान की कविता किस छंद में लिखी गई है?**
   A. दोहा
   B. चौपाई
   C. सोरठा
   D. सवैया (D)

*व्याख्या :* रसखान की कविता सवैया छंद में रचित है, जो गति और लय से युक्त होता है।

6. **गोपियाँ कृष्ण की मुरली से क्या करती हैं?**
   A. ईर्ष्या
   B. प्यार
   C. बजाती
   D. नफरत (A)

*व्याख्या :* कविता में वर्णित है कि गोपियाँ कृष्ण की मुरली से ईर्ष्या करती हैं, क्योंकि वह हमेशा कृष्ण के साथ रहती है।

7. **रसखान की कविता किस भाषा में है?**
   A. अवधी B. भोजपुरी
   C. मगही D. ब्रजभाषा (D)

*व्याख्या :* रसखान की रचनाएँ ब्रजभाषा में हैं, जो उस समय भक्ति काव्य की प्रमुख भाषा थी।

8. **रसखान अगले जन्म में पक्षी बनने पर कहाँ बसेरा बनाना चाहते हैं?**
   A. पेड़ पर
   B. नदी के किनारे
   C. यमुना के किनारे कदंब के पेड़ पर
   D. गोवर्धन पर्वत पर (C)

*व्याख्या :* रसखान कहते हैं कि यदि वह पक्षी बनें तो यमुना के किनारे कदंब वृक्ष पर बसेरा बनाना चाहेंगे, जहाँ कृष्ण लीला करते हैं।

9. **रसखान का मूल नाम क्या था?**
   A. इब्राहिम लोदी
   B. सैयद इब्राहिम
   C. सैयद खाँ
   D. इनमें कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* रसखान का मूल नाम सैयद इब्राहिम था। बाद में वे कृष्ण भक्त के रूप में प्रसिद्ध हुए।

10. **'लकुटी और कामरिया पर क्या न्योछावर किया जा सकता?**
    A. अपना तन-मन B. अपनी संपूर्ण पूँजी
    C. अपना गाँव D. तीनों लोकों का राज्य (D)

*व्याख्या :* रसखान कहते हैं कि वे कृष्ण की लकुटी और कामरिया पर तीनों लोकों का राज्य न्योछावर कर सकते हैं, जो उनकी भक्ति की गहराई को दर्शाता है।

मिशन ज्ञान जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App